**बिहार सरकार**
**मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग**
**<u>उर्दू निदेशालय</u>**

# संकल्प

सं०सं०—उ०नि०—05—01 / 2024.............. /　　　　　　　　　　　　दिनांक—..........................

विषय :— **उर्दू पाण्डुलिपि प्रकाशन अनुदान योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष—2025—26 एवं 2026—27 के लिए उर्दू पाण्डुलिपि प्रकाशन अनुदान चयन समिति का गठन।**

उर्दू पाण्डुलिपि प्रकाशन अनुदान योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष—2025—26 एवं 2026—27 में प्राप्त होने वाली पाण्डुलिपियों में से अनुदान योग्य पाण्डुलिपियों के चयन तथा राशि के निर्धारण के लिए "उर्दू पाण्डुलिपि प्रकाशन अनुदान चयन समिति" का गठन निम्न रूप से किया जाता है :—

(i) **अपर मुख्य सचिव,**
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना — **अध्यक्ष (पदेन)**

(ii) **प्रो० (डॉ०) मो० तौक़ीर आलम,**
पूर्व प्रो—वाइस चांसलर, मौलाना मज़हरूल हक़ अरबी एवं फ़ारसी, विश्वविद्यालय, पटना एवं पूर्व विभागाध्यक्ष (उर्दू), बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ़्फ़रपुर — **सदस्य**

(iii) **डॉ० मो० शहाब ज़फ़र आज़मी,**
एसोसिएट प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना — **सदस्य**

(iv) **निदेशक, उर्दू निदेशालय,**
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना — **सदस्य सचिव (पदेन)**

2. उक्त समिति की बैठक के लिए कोरम अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव सहित कुल—3 सदस्यों का होगा।

3. यह समिति वित्तीय वर्ष—2025—26 एवं 2026—27 के अन्तर्गत उर्दू पाण्डुलिपि प्रकाशन अनुदान की स्वीकृति हेतु चयन की अनुशंसा करेगी।

4. समिति, पाण्डुलिपियों के चयन और अनुदान की राशि पर अंतिम निर्णय लेगी।

5. "उर्दू पाण्डुलिपि प्रकाशन अनुदान चयन समिति" के गठन के प्रस्ताव में माननीय विभागीय (मुख्य) मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश :— आदेश दिया जाता है कि जन साधारण की जानकारी हेतु इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाए तथा इसकी पचास प्रतियाँ उर्दू निदेशालय को उपलब्ध करायी जाएँ।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

ह० / —
**(एस० एम० परवेज़ आलम)**
निदेशक।

कृ०पृ०उ०

**ज्ञाप सं० :–** **उ०नि०–05–01/2024................../** **पटना, दिनांक–.....................................**

**प्रतिलिपि :–** अधीक्षक, सचिवालय मुद्राणालय, गुलजारबाग, पटना से अनुरोध है कि इसकी पचास मुद्रित प्रतियाँ उर्दू निदेशालय को उपलब्ध करायें।

**ह०/–**
**(एस० एम० परवेज़ आलम)**
निदेशक।

**ज्ञाप सं० :–** **उ०नि०–05–01/2024**....86....**/** **पटना, दिनांक–**16.01.26

**प्रतिलिपि :–** निदेशक, उर्दू निदेशालय/बजट शाखा/योजना शाखा एवं लेखा शाखा, उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई० टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को web page पर upload करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

16/1/26

**(एस० एम० परवेज़ आलम)**
निदेशक।